यूटीयू में चार दिवसीय साइंस एंड टेक्नोलाजी फेस्टिवल 20 से

देहरादून। उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा यूकोस्ट, यूसर्क के सहयोग से चार दिवसीय देहरादून अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में यूटीयू के कुलपति कुलपति प्रो. ओंकार सिंह व युसर्क की निदेशक डा. अनीता रावत ने महोत्ससव से जुड़ी जानकारी दी। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि महोत्सव 20 से 23 नवम्बर तक विवि परिसर में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में साइंस क्विज, मैजिक आफ मैथ, साइंस पोस्टर, इलैक्ट्रानिक सर्किट डेवलेपमेंट वर्कशाप, ग्रीन एनर्जी, बायोटेक्नोलाजी कान्क्लेव, साइबर सिक्योरिटी आदि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में टीचर आफ द इयर का भी आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में उद्घाटन राज्यपाल एवं समापन विधानसभा अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में यूकॉस्ट के संयुक्त निदेशक डा. डीपी उनियाल, आयोजन सचिव कुंवर राज आदि मौजूद थे।